राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लॉट नं 6–7, एवरेस्ट कॉलोनी, अपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर–302015
फोन : 0141–2973804, 2988946 **Website:** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांकः– रा.पै.मेडि.कौं / काउ.(सत्र 2019–20) / 2020 / 197 **दिनांक :** 13/1/2020

–::सार्वजनिक सूचना::–

विषय : प्रवेश सत्र 2019–20 में विभिन्न पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालय / संस्थानों में प्रवेश के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सर्व साधारण व समस्त प्रधानाचार्य संबंद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय / संस्थानों को सूचित किया जाता है कि राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल द्वारा प्रशिक्षण सत्र 2019–20 में विभिन्न पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पैरामेडिकल कौंसिल से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालयों / संस्थानों में समस्त चरणों की काउन्सलिंग के पश्चात् प्रवेश संबंधित समस्त प्रक्रिया **दिनांक 11.01.2020 सांयकाल 05.00 बजे** तक पूर्ण हो चकी है, के पश्चात् किसी महाविद्यालय / संस्थानों में सीटें रिक्त रह गई है ऐसी सीटें किसी भी प्रक्रिया के द्वारा नहीं भरी जा सकती है, ऐसी समस्त सीटें रिक्त ही मानी जावेगी।

प्रशिक्षण सत्र 2019–20 व अन्य सत्रों में जिन अभ्यर्थियों के द्वारा राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल या संबंधित महाविद्यालय / संस्थान द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार प्रवेश लिया गया है, ऐसे अभ्यर्थी किसी कारणवश महाविद्यालय / संस्थान की सहमति से अपना प्रवेश निरस्त करवाने चाहते है ऐसे अभ्यर्थी संबंधित महाविद्यालय / संस्थान में अपने प्रार्थना पत्र के साथ शपथ पत्र के माध्यम से समस्त विवरण प्रस्तुत करते हुए संबंधित महाविद्यालय / संस्थान में नियमानुसार प्रवेश निरस्त करवा सकते है। संबंधित महाविद्यालय / संस्थान अभ्यर्थियों से प्राप्त प्रार्थना पत्र व शपथ पत्र के आधार पर कार्यवाही करते हुए राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल को सूचित करना सुनिश्चित करें, ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा अपना प्रवेश निरस्त करवाने के पश्चात् रिक्त रही सीट रिक्त ही मानी जावेगी, अन्य किसी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जा सकता।

13/1/2020
रजिस्ट्रार

क्रमांकः– रा.पै.मेडि.कौं / काउ. (सत्र 2019–20) / 2020 / 197 **दिनांकः–** 13/1/2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. निजी सहायक, रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. प्रधानाचार्य, सम्बद्ध समस्त पैरामेडिकल महाविद्यालय / संस्थान को पालनार्थ।
4. समस्त सत्रों में अध्ययन कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को सूचनार्थ।
5. सर्वर प्रभारी, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

13/1/2020
रजिस्ट्रार